>

Title: Need to supply sufficient electricity for irrigational purposes to various drought affected districts of Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति जी, पूरे देश की गंभीर समस्या की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। पूरे देश में बाढ़ और सूखे से किसान परेशान हैं। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में दूसरे प्रांतों में हुयी भारी वर्षा से बाढ़ आयी। इसी तरह से सूखे से प्रांत के कई जनपद प्रभावित हैं। इस पर उत्तर प्रदेश में हमारी विद्युत उत्पादन की जो परियोजनायें हैं, जहां कोयले की कमी के चलते उत्पादन नहीं हो पा रहा है, जो कोयला आबंटन उनको होना चाहिए, जो निश्चित मात्रा में उनको आबंटन होना चाहिए, उसके अनुसार भारत सरकार कोयला उपलब्ध नहीं कर पा रही है, जिससे बिजली का उत्पादन भी घट रहा है। जहां उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों मे सूखा पड़ा है, खासतौर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली और बनारस के आसपास के जो जिले हैं, उनको बिजली भी इसलिए नहीं मिल पा रही है कि उत्तर प्रदेश सरकार की जो तापीय परियोजनायें हैं, उनको जो केंद्रीय आबंटन का कोयला है, उनके कोटे का कोयला उनको नहीं मिल पा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश में विद्युत उत्पादन भी कम हो रहा है।

दूसरी बात कहना चाहूंगा कि भारत सरकार का उत्तर प्रदेश के लिए कोयले का केंद्रीय कोटा निर्धारित है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेती होती है, पूरा प्रदेश खेती पर निर्भर है, एक तरफ बाढ़ और सूखा है और दूसरी तरफ बिजली की भारी किल्लत है। उससे किसानों की सिंचाई के लिए जो ट्यूबवेल हैं, जो लिफ्ट कैनाल हैं, उनको बिजली नहीं मिल पा रही है। केंद्र सरकार भी उनको अलग से विशेष बिजली देने का प्रावधान नहीं कर पा रही है। आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश को केंद्र के कोटे से विशेष रूप से अतिरिक्त बिजली देने का काम करें। हाई कोर्ट ने भी कहा है कि उत्तर प्रदेश को बिजली दी जाए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो केंद्र सरकार की ओर से जो आबंटित कोयले का कोटा है, वह पूरी मात्रा में, निर्धारित मात्रा में उत्तर प्रदेश की तापीय परियोजनाओं को नहीं मिल पा रहा है, दूसरी तरफ जो केंद्रीय बिजली उसको मिलनी चाहिए, वह भी उसे नहीं मिल रही है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश को अतिरिक्त बिजली दी जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के संसाधनों के लिए बिजली उपलब्ध करायी जा सके।

MR. CHAIRMAN:

Shri P.L. Punia may be allowed to associate himself with the matter raised by Shri Ramkishun.